-प्रेस नोट-

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 24.03.2025

- **<u>थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 24.03.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री हवन सिंह चीमा मय हमराहीगण द्वारा वाद सं0- 443ए/15 धारा 396/412 भादवि में वारन्टी अभियुक्त सचिन उर्फ चौटाला उर्फ राठौर पुत्र हरपाल निवासी ग्राम रामपुर मजरा थाना देवबन्द, सहारनपुर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना सिखेड़ा पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 24.03.2025 को थाना सिखेड़ा पर नियुक्त उ0नि0 श्री भुवनेश्वर शर्मा मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 35/2025 धारा 137(2)/64/87 बीएनएस व 5/6 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त संजीव पुत्र सन्तु निवासी ग्राम भटौड़ा थाना सिखेड़ा, मुजफ्फरनगर को नन्दी डेरी ग्राम सिखेड़ा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नाबालिग अपर्हता को सकुशल बरामद किया गया।

- **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 सट्टेबाज अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 24.03.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री श्रीपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 सट्टेबाज अभियुक्त राहुल उर्फ कालू पुत्र सुरेश निवासी ग्राम तावली थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 पर्चा सट्टा, 01 गत्ता, 01 पेन तथा 2250/- रूपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 78/2025 धारा ¾ सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 अवैध शराब तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 24.03.2025 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 शातिर अवैध शराब तस्कर अभियुक्त कृष्णपाल पुत्र जसवन्त निवासी ग्राम निरमानी थाना शाहपुर, मुजफ्फरनगर को ग्राम निरमानी रजवाहे की पटरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 45 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरीमद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना

शाहपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 76/2025 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।